**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**06.04.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे**

----

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वक्फ संशोधन विधेयक को स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही यह विधेयक अब कानून बन गया है। संसद ने इस विधेयक को इसी सप्ताह पारित किया था। लोकसभा में इस विधेयक के पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 वोट पड़े थे। राज्यसभा में 128 सदस्यों ने इसके पक्ष में और 95 ने विरोध में मतदान दिया था। राष्ट्रपति ने मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक, 2025को भी स्वीकृति दे दी है।

----

आज देश सहित प्रदेशभर में रामनवमी धार्मिक उत्साह और उमंग के साथ मनाई जा रही है। यह त्योहार भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के अवतरण का प्रतीक है। रामनवमी चैत्र माह की नौवीं तिथि को मनाई जाती है। रामनवमी से पूर्व नौ दिन का उपवास रखा जाता है। चैत्र नवरात्र के आखिरी और नौंवे दिन आज मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है।

इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन सत्य, धर्म और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बधाई संदेश में कामना की कि प्रभु श्रीराम का आशीष हम सब पर बना रहे और हमारा पथ—प्रदर्शन करता रहे। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी प्रदेशवासियों को रामनवमी की बधाई दी है।

----

भारतीय जनता पार्टी आज अपना 45वां स्थापना दिवस मना रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर एक सोशल मिडिया पोस्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं उनके कड़े परिश्रम संघर्ष और पार्टी को खड़ा करने के लिए किए गए त्याग के लिए धन्यावाद दिया। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्‌डा ने भी भाजपा को राष्ट्र व्यापी बनाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया है।

इस बीच शिमला स्थित भाजपा मुख्यालय दीपकमल में स्वच्छता अभियान और झंडा फहराया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता विपक्ष जयराम ठाकुर सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

---

प्रदेश में बसों का न्यूनतम किराया 5 रूपये से बढ़ाकर से 10 रूपये कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कल शिमला में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया है। सरकार ने एच.आर.टी.सी. के घाटे और निजी बस ऑपरेटरों की मांग का हवाला देते हुए ये बस किराया बढ़ाया है। बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए जिसमें कैबिनेट ने

देश की बड़ी विद्युत कंपनी सतलुज जल विद्युत निगम से चार जल विद्युत परियोजनाओं के अधिग्रहण को भी मंजूरी प्रदान की। बैठक में इलैक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में विभिन्न सरकारी परिसरों में 402 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने होटल वाइल्डफ्लावर हॉल, मशोबरा के अंतरिम संचालन के लिए ईआईएच लिमिटेड के साथ प्रबंध सेवा अनुबंध करने को अनुमति प्रदान की, जिससे राज्य को प्रतिमाह 1 करोड़ 77 लाख रुपये की आय सुनिश्चित होगी।

----

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बसों के न्यूनतम किराए को दुगुना करने के सरकार के फैसले की निंदा करते हुए इसे जनविरोधी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि किराए में वृद्धि करने से गरीब और मध्यम वर्ग पर बोझ पड़ेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए।

----

उच्चतम न्यायालय ने हिमाचल हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी है जिसमें सरकार को अनुबंध काल के दौरान कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि देने के आदेश दिए गए थे। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश विक्रम नाथ और न्यायाधीश संदीप मेहता की खंडपीठ ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब दायर करने को कहा है।

----

मण्डी जिले के जोगिन्दर का पांच दिवसीय राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला कल सम्पन्न हो गया। आयुष व कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने देवी–देवताओं की भव्य जलेब की अगवानी कर मेले का समापन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मेलों व लोक उत्सवों के माध्यम से प्रदेश की लोक संस्कृति को निरंतर बढ़ावा दे रही है।

----

हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मामले पर किन्नौर जिले के रिकांगपिओ में कल स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने मौजूदा शिमला पुलिस की जांच और सरकार पर अविश्वास जताते हुए राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मामले की गहन और निष्पक्ष जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो CBI और प्रवर्तन निदेशालय को जांच सौंपने का आग्रह किया।